Title: Need to provide regular air taxi service from Kanpur to Ahmedabad, Mumbai, Calcutta and Delhi to protect the industries.

श्री जगत वीर सिंह द्रोण (कानपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से नागर विमानन मंत्री का ध्यान अपने क्षेत्र कानपुर की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। कानपुर ४० लाख की आबादी का सबसे बड़ा औद्योगिक नगर है। यहां १९३४ के आसपास हवाई अड्डा बना था। १९९२ तक इंडियन एयरलाइन्स और वायुदूत की रैगुलर फ्लाइटस अहमदाबाद, मुम्बई, कलकत्ता और दिल्ली के लिए थी लेकिन उनको किसी कारण से बंद कर दिया गया। मैं अनेक बार लोक सभा में यह प्रश्न उठा चुका हूं कि इन हवाई सेवाओं को बंद करने के बाद कानपुर का औद्योगिक स्वरूप नष्ट हो गया है। वहां रन-वे और रात्रिकालीन सेवाओं में सुधार किया जाए।

मेरा केन्द्रीय सरकार से आग्रह है कि कानपुर के बिगड़ रहे औद्योगिक स्वरूप की रक्षा करने के लिये केन्द्र सरकार इस रूट पर एक दिन अहमदाबाद, एक दिन मुम्बई और एक दिन के लिये कलकत्ता तक फ्लाईटस नियमित कर दे तो यहां के यात्रियों को और उपलब्ध कार्गो को ले जाने से समस्या का समाधान हो सकता है।